futuretopper.in

Series JSR | **SET-2**

कोड नं.
Code No. 32/2

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

संकलित परीक्षा - II
SUMMATIVE ASSESSMENT - II

सामाजिक विज्ञान
SOCIAL SCIENCE

निर्धारित समय : 3 घण्टे
Time allowed : 3 hours

अधिकतम अंक : 90
Maximum Marks : 90

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सामान्य निर्देश :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **8** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(iv) *प्रश्न संख्या **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **21** से **28** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या **29** और **30** इतिहास और भूगोल के मानचित्र वाले प्रश्न प्रत्येक **3** अंक के हैं। इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए।*

General Instructions :

(i) *The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory.***

(ii) *Marks are indicated against each question.*

(iii) *Questions from serial number **1** to **8** are Very Short Answer Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *Questions from serial number **9** to **20** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

(v) *Questions from serial number **21** to **28** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

(vi) *Question number **29** and **30** are map questions of **3** marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

1. जनवरी 1871 में वर्साय में हुए एक समारोह में किसको जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया था? 1

अथवा

1868 के स्कॉलर्स रिवोल्ट (विद्वानों का विद्रोह) का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Who was proclaimed German Emperor in a ceremony held at Versailles in January 1871 ?

OR

What was the main aim of the Scholar Revolt of 1868 ?

2. 'गोबर गैस प्लांट' किस प्रकार किसानों के लिए लाभकारी हैं? 1

How are 'Gobar gas plants' beneficial to the farmers ?

3. बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपने कार्यालय तथा कारखाने उन क्षेत्रों में क्यों स्थापित करती हैं जहाँ उन्हें श्रम एवं अन्य संसाधन सस्ते मिलते हैं? 1

Why do MNCs set up their offices and factories in those regions where they get cheap labour and other resources ?

4. यदि व्यापारी द्वारा उपभोक्ता को कोई क्षति पहुँचाई गई है, तो किस उपभोक्ता अधिकार के अन्तर्गत वह नुकसान की भरपाई के लिए उपभोक्ता न्यायालय जा सकता है? 1

If any damage is done to a consumer by a trader, under which consumer right one can move to consumer court to get compensation.

5. दबाव समूहों और राजनीतिक दलों में एक अन्तर स्पष्ट कीजिए। 1

Distinguish between pressure groups and political parties by stating any one point of distinction.

6. भारत ने बहुदलीय प्रणाली को क्यों अपनाया? 1

Why did India adopt multi-party system ?

7. वर्ग विशेष के दो हित समूहों के नाम लिखिए। ½+½=1

Name any two sectional interest groups.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. ग्रामीण भारत में ऋण के औपचारिक स्रोतों के विस्तार की महती आवश्यकता को एक तर्क देकर सिद्ध कीजिए। 1

Prove with an argument that there is a great need to expand formal sources of credit in rural India.

9. ''बाज़ार में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए नियम और विनियमों की आवश्यकता होती है।'' इस कथन को न्यायोचित ठहराइये। **3x1=3**

"Rules and regulations are required for the protection of the consumers in the market place." Justify the statement with arguments.

10. जनहित दबाव समूह क्या हैं? उनकी कार्य प्रणाली का वर्णन कीजिए। **1+2=3**

What are public interest pressure groups ? Describe their functioning.

11. क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी से क्या अभिप्राय है? 'क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी' की मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक शर्तों का उल्लेख कीजिए। **1+2=3**

What is meant by regional political party ? State the conditions required to be recognised as a 'regional political party'.

12. भारत में औद्योगिक विकास के कारण उत्पन्न पर्यावरणीय निम्नीकरण को कम करने के लिए कोई तीन उपाय सुझाइये। **3x1=3**

Suggest any three steps to minimise the environmental degradation caused by the industrial development in India.

13. 'पूरे देश में ऊर्जा के सभी प्रकारों का उपयोग बढ़ रहा है। ऊर्जा की बचत और ऊर्जा के विकास के सतत् पोषणीय मार्ग को विकसित करने की तुरन्त आवश्यकता है।' इस ज्वलंत समस्या के निवारण के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए और उन्हें स्पष्ट कीजिए। **3x1=3**

'Consumption of energy in all forms has been rising all over the country. There is an urgent need to develop a sustainable path of energy development and energy saving'. Suggest and explain any three measures to solve this burning problem.

14. कच्चे माल के स्रोत के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए। वे एक दूसरे से कैसे भिन्न हैं?

Classify industries on the basis of source of raw material. How are they different from each other ? **1+2=3**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

15. ''असम में बागानी मजदूरों की महात्मा गान्धी के विचारों और स्वराज के बारे में अपनी अलग अवधारणा थी।'' तर्क देकर कथन की पुष्टि कीजिए। 3

"The plantation workers in Assam had their own understanding of Mahatma Gandhi and the notion of Swaraj". Support the statement with arguments.

16. बंगाल में 'स्वदेशी आंदोलन' के दौरान किस प्रकार का झण्डा तैयार किया गया था? इसकी मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

What type of flag was designed during the 'Swadeshi Movement' in Bengal ? Explain its main features.

17. ''लोकतंत्र सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करता है।'' उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। 3

"Democracy accommodates social diversities. Support the statement with examples.

18. उदाहरण दे कर स्पष्ट कीजिए कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अपने उत्पादनों का प्रसार विभिन्न तरीकों से कर रही हैं। 3

Explain by giving examples that Multinational Corporations (MNCs) are spreading their productions in different ways.

19. 'विकास के लिए ऋण की अपनी विशिष्ट भूमिका है।' तर्कों सहित इस कथन को न्यायोचित ठहराइए। 3

'Credit has its own unique role for development'. Justify the statement with arguments.

20. ''1830 का दशक यूरोप में भारी आर्थिक कठिनाइयाँ लेकर आया''। तर्कों सहित कथन की पुष्टि कीजिए। 3x1=3

अथवा

''हो ची मिन्ह भूलभुलैया मार्ग अमेरिका के विरुद्ध युद्ध में वियतनामियों के लिए लाभप्रद सिद्ध हुआ''। तर्कों सहित कथन की पुष्टि कीजिए।

"The decade of 1830 had brought great economic hardship in Europe". Support the statement with arguments.

OR

"The Ho Chi Minh Trail became advantageous to Vietnamese in the war against U.S." Support the statement with arguments.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

21. भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभावों का उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए। **5x1=5**
Describe the impact of globalisation on Indian economy with examples.

22. महात्मा गांधी ने भारी आशंकाओं के बीच सविनय अवज्ञा आंदोलन को दोबारा शुरू क्यों किया? स्पष्ट कीजिए। **5**
Why did Mahatma Gandhi relaunch the Civil Disobedience Movement with great apprehension ? Explain.

23. भारत में सड़क परिवहन के समक्ष उपस्थित किन्हीं पाँच प्रमुख समस्याओं को स्पष्ट कीजिए। **5**
Explain any five major problems faced by road transport in India.

24. औपचारिक क्षेत्रक के ऋणों को किस प्रकार गरीब किसानों और मज़दूरों के लिए लाभकारी बनाया जा सकता है? कोई पाँच उपाय सुझाइये। **1+2+2=5**
How can the formal sector loans be made beneficial for poor farmers and workers ? Suggest any five measures.

25. राजनीतिक दलों को सुधारने के लिए कोई पाँच उपाय सुझाइए और उनकी व्याख्या कीजिए। **5**
Suggest and explain any five measures to reform political parties.

26. फ्रांस में नेपोलियन ने प्रजातंत्र को नष्ट किया था। परन्तु प्रशासनिक क्षेत्र में उसने क्रान्तिकारी सिद्धान्तों का समावेश किया जिससे पूरी व्यवस्था अधिक तर्कसंगत और कुशल बन सके।'' तर्कों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए। **5x1=5**

अथवा

''जिनेवा में चली शान्ति वार्ताओं ने वियतनाम का विभाजन किया जिसके परिणामस्वरूप घटी घटनाओं की शृंखला ने वियतनाम को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया।'' तर्कों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए।
"Napoleon had destroyed democracy in France but in the administrative field he had incorporated revolutionary principles in order to make the whole system more rational and efficient." Analyse the statement with arguments.

OR

"The peace negotiations in Geneva followed the division of Vietnam that set in motion a series of events that turned Vietnam into a battle field." Analyse the statement with arguments.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

27. भारत में सड़क परिवहन अभी भी रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है।'' तर्कों सहित इस कथन का समर्थन कीजिए। **5x1=5**

"Roadways still have an edge over railways in India." Support the statement with arguments.

28. ''लोकतंत्र के लिए राजनीतिक दलों का होना आवश्यक शर्त है।'' इस कथन का उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए। **5x1=5**

"Political parties are a necessary condition for a democracy". Analyse the statement with examples.

29. तीन लक्षण A, B और C भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर), में अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र में खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **3x1=3**

A. वह स्थान जहाँ सूती कपड़ा मिल मज़दूरों ने सत्याग्रह किया था।

B. वह स्थान जो असहयोग आंदोलन वापस लेने से सम्बद्ध है।

C. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

Three features A, B and C are marked on the given political outline map of India (on page 9). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place where cotton mill workers organised Satyagraha.

B. The place related to the calling off the Non-Cooperation Movement.

C. The place where the Indian National Congress Session was held.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :

(29.1) उस नगर का नाम लिखिए, जहाँ सूती कपड़ा मिल मजदूरों ने सत्याग्रह किया था।

(29.2) असहयोग आंदोलन को वापस लेने से सम्बंधित स्थान का नाम लिखिए।

(29.3) दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ?

Note : The following questions are for the ***Visually Impaired Candidates*** only in lieu of Q.No. 29 :

(29.1) Name the city where cotton mill workers organised Satyagraha.

(29.2) Name the place related to the calling off the Non-Cooperation Movement.

(29.3) Where was the Indian National Congress Session held in December 1920 ?

30. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र (पृष्ठ 11 पर), में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **3x1=3**

A. तेल क्षेत्र - डिगबोई

B. लोहा व इस्पात संयंत्र - भिलाई

C. प्रमुख समुद्री पत्तन - कोच्चि

On the given political outline map of India (on page 11), locate and label the following with appropriate symbols :

A. Oil Field - Digboi

B. Iron and Steel Plant - Bhilai

C. Major Sea Port - Kochi

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :

(30.1) डिगबोई तेल क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(30.2) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है।

(30.3) भारत के पूर्वी तट पर स्थित सबसे दक्षिणी प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

Note : The following questions are for the ***Visually Impaired Candidates*** only in lieu of Q.No. 30 :

(30.1) In which state is Digboi oil field located ?

(30.2) Name the state where Bhilai Iron and Steel Plant is located.

(30.3) Name the Southernmost major sea port located on the eastern coast of India.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE


futuretopper.in

Cut here / यहाँ से काटें

प्रश्न सं. 29 के लिए **For question no. 29**

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

Outline Map of India (Political)



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE


futuretopper.in

Cut here / यहाँ से काटें

प्रश्न सं. 30 के लिए **For question no. 30**

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

Outline Map of India (Political)



Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE